सं. डी-12016/2/2014-प्रशासन(एनबीओ)

भारत सरकार

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय

राष्ट्रीय भवन निर्माण संगठन (एनबीओ)

निर्माण भवन, नई दिल्ली

दिनांकः 30/09/2014

सेवा में,

सभी संबंधित

विषयः एनबीओ में मानवसंसाधन/पेशेवरों की आउटसोर्सिंग

यह संगठन 12 माह की अवधि के लिए निम्नलिखित प्रकार के कार्मिकों की सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक उपयुक्त नियोक्ता एजेंसी से करार करने को इच्छुक है: (1) कार्यालय सहायक- स्नातक तथा कंप्यूटर, फाइल कार्य, नोटिंग, ड्राफ्टिंग आदि कार्यों की अच्छी जानकारी तथा इन कार्यों का न्यूनतम दो वर्षों का अनुभव अवश्य होना चाहिए (2) स्टेनो- इंटरमीडियट उत्तीर्ण तथा न्यूनतम 80 शब्द प्रति मिनट की शॉर्टहैंड गति के साथ हिंदी और अंग्रेजी की अच्छी जानकारी (3) डाटा एंट्री ऑपरेटर (स्नातक के साथ अंग्रेजी और हिंदी में अच्छी जानकारी तथा कंप्यूटर में वर्ड्स, एक्सल पीपीटी आदि में कार्य करने की अच्छी जानकारी तथा कंप्यूटर संचालन में किसी मान्यताप्राप्त संस्था से डिप्लोमा) तथा (4) मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)। एजेंसी के साथ करार के नियम तथा शर्तें निम्नलिखित अनुसार होंगे:

1 करार की अवधि 12 माह होगी।

2 सेवाओं के असंतोषप्रद तथा एनबीओ की अपेक्षाओं के अनुरूप न पाए जाने की स्थिति में, कार्यादेश किसी भी समय समाप्त कर दिया जाएगा। इस संदर्भ में एनबीओ के एचओडी का निर्णय अंतिम होगा।

3 एजेंसी किसी अन्य उप-संवेदक से सेवाओं का करार या किसी अन्य व्यक्ति को निविदा का हस्तांतरण नहीं करेगी।

4 निविदा प्रस्तुत करने वाली एजेंसी इस संगठन को निविदा प्रस्तुति या बाद के चरणों में उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरणों से बाध्य होगी। उनके द्वारा प्रस्तुत इन दस्तावेजों के किसी भी चरण में असत्य पाए जाने की स्थिति में, इसे करार की शर्तों का उल्लंघन माना जाएगा, तथा इसके लिए करार की समाप्ति के साथ ही वे कानूनी कार्रवाई के भागी होंगे।

5 करार अवधि में किसी भी आधार पर दरों में वृद्धि पर विचार नहीं किया जाएगा।

6 इस संगठन द्वारा आवश्यकतानुसार नियुक्त किए जानेवाले कार्मिकों की संख्या के बारे में समय-समय पर सूचना दी जाएगी।

7 सेवाप्रदाता द्वारा कुशल व्यक्तियों को नियुक्त किया जाना चाहिए, अगर कोई अक्षम तथा अकुशल कार्मिक नियुक्त किया जाता है तो मासिक बिल में 10% की कटौती के साथ ही इस प्रकार के व्यक्ति को सेवामुक्त कर दिया जाएगा।

8 नियुक्त किए जानेवाले व्यक्ति 18-30 आयुवर्ग के तथा स्वस्थ होने चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए, कि नियुक्त किए जानेवाले व्यक्तियों के पूर्व-वृत्त का सत्यापन पुलिस प्राधिकार से किया जाना चाहिए।

9 नियुक्त व्यक्ति कार्यालय के अनुशासन/ शिष्टाचार का पालन करेंगे तथा किसी भी अधिकारी से अनुचित व्यवहार नहीं करेंगे।

10 नियुक्त व्यक्ति सेवाप्रदाता के कर्मचारी होंगे उनके प्रति सभी वैधानिक देनदारियों तथा उत्तरदायित्वों के लिए एनबीओ का कोई कानूनी उत्तरदायित्व नहीं है।

11 एजेंसी द्वारा उद्धृत सेवा शुल्क/दर 12 माह की अवधि के लिए निश्चित होंगे तथा 12 माह की अवधि की समाप्ति से पूर्व इसमें किसी भी प्रकार के परिवर्तन/ संशोधन के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा। पारिश्रमिक/ डीए आदि में किसी भी प्रकार की वैधानिक वृद्धि का भार सेवाप्रदाता द्वारा वहन किया जाएगा। सेवाप्रदाता तिमाही बिल तीन प्रतियों में प्रस्तुत करेंगे।

12 अपना विश्वसनीयता प्रमाणित करने के लिए एजेंसी को अपनी निविदाएं प्रस्तुत करते हुए, जहां उन्होंने पूर्व में इस प्रकार की सेवाएं प्रदान की हों, उन सरकारी संगठनों/ विभागों के विवरण के साथ ही बिक्री कर/ सेवा कर भुगतान आदि के प्रमाण संलग्न करने होंगे। इस कार्य के लिए केंद्र सरकार के मंत्रालयों/ विभागों/ कार्यालयों में न्यूनतम 5 वर्ष तक सेवा देनेवाली, तथा उन विभागों से इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने वाली एजेंसियों पर ही विचार किया जाएगा।

13 सेवाएं सभी कार्यदिवसों या किसी भी अवकाश दिवस पर, जब *कर्मचारी* अपने कर्तव्य पर उपस्थित हों, प्रदान की जा सकती हैं। इन कर्तव्य दिवसों के लिए कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा।

14 संविदाकार (कॉन्ट्रैक्टर) संवेदक को किसी भी आधार पर इस निविदा को जारी रखने या विस्तारित करने का कोई अधिकार नहीं है।

15 केवल एजेंसी ही पूर्णतः तथा अन्यतम रूप से इस कार्य के लिए, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, कर्मचारी भविष्यनिधि, ईएसआई आदि सहित समय-समय पर लागू कानूनों के अनुसार पारिश्रमिक का भुगतान करने के लिए जिम्मेवार होगी, तथा एजेंसी द्वारा नियुक्त व्यक्तियों के लिए किसी भी उत्तरदायित्व के संदर्भ में किसी भी प्रकार के व्यय के लिए एनबीओ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

16 सरकारी बकाया के साथ ही कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की मानवीय क्षति/ चोट-चपेट की कोई भी जिम्मेवारी सेवाप्रदाता की होगी।

17 सेवाप्रदाता द्वारा नियुक्त किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) को कार्य से दो दिनों से अधिक अनुपस्थित पाए जाने की स्थिति में, सेवाप्रदाता को तुरंत वैकल्पिक व्यक्ति मुहैया करवाना चाहिए ताकि कार्य में बाधा न पड़े।

18 एजेंसी को अनुलग्न-1 (तकनीकी निविदा) तथा अनुलग्न-2 (मूल्य निविदा) के प्रारूप में अलग-अलग बंद लिफाफों में तथा निश्चित रूप से दिए गए अनुलग्नों के संदर्भ में निविदा को भरना होगा। तकनीकी निविदा के साथ रु. 50,000/- का तथा “पीएओ सचिवालय, यूईपीए” के पक्ष में देय एक डिमांड ड्राफ्ट होना चाहिए। तकनीकी रूप से अस्वीकृत निविदादाताओं की मूल्य निविदा को नहीं खोला जाएगा तथा यह उन्हें बंद लिफाफे में ही वापस कर दिया जाएगा।

19 उद्धृत की गई दर में यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि इसके साथ सेवाकर संयुक्त है अथवा नहीं। बंद लिफाफे में निविदा अधोहस्ताक्षरी को निम्नांकित उल्लिखित पते पर दिनांक 21 अक्टूबर को अपराह्न 3:00 बजे तक निश्चित रूप से प्राप्त हो जानी चाहिए। इसी दिन 4:00 बजे अपराह्न में इसी स्थान पर निविदाएं खोली जाएंगी। निविदाओं को खोलने के समय निविदादाता अपने अधिकृत प्रतिनिधियों को वहां उपस्थित रहने के लिए भेज सकते हैं।

(ए.के. शर्मा)
कार्यालय अध्यक्ष (प्रशासन)
कमरा नं. 207-जी, एनबीओ बिल्डिंग
निर्माण भवन, नई दिल्ली
टेलीफोन-011-23063375

सेवा में,

1. विभाग की वेबसाइट को सूचना अपलोड करने के लिए एनआईसी।
2. सीपीपीपी, भारत सरकार पर सहायक (2), एनबीओ, प्रशासन

<u>**अनुबंध-I**</u>

जन शक्ति की सेवाओं लिए उद्धृत तकनीकी बोली के लिए प्रोफार्मा

सेवा में,

कार्यालय अध्यक्ष,

राष्ट्रीय भवन निर्माण संगठन

निर्माण भवन, नई दिल्ली

विषयः एनबीओ में जन शक्ति की सेवाएं प्राप्त करना

महोदय,

आपकी निविदा सूचना सं. ------------ दिनांक ----------- के संदर्भ में, मैं निम्नांकित रूप में दिए गए विवरणों के साथ अपनी निविदाएं प्रस्तुत करना चाहता हूं:

1. फर्म का नामः
2. फर्म का पताः
3. सेवा कर नं. (प्रतिलिपि संलग्न है)
4. पीएफ पंजीकरण सं. (प्रतिलिपि संलग्न है)
5. ईएसआई पंजीकरण सं. (प्रतिलिपि संलग्न है)
6. पैन/टैन नं. (प्रतिलिपि संलग्न है)
7. इस प्रकार के कार्य का अनुभव (कार्य पूर्ण करने के बारे में विभाग/ संगठन का प्रमाणपत्र संलग्न करें)

घोषणाः

मैं आवास तथा शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली के एनबीओ के निविदा दस्तावेज सं. ------------ दिनांक ------- में उद्धृत नियमों तथा शर्तों के प्रति अपनी सहमति व्यक्त करता/करती हूं। मेरे द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त विवरणों में कोई कमी पाए जाने की स्थिति में, विभाग को मेरी तकनीकी निविदा को निरस्त कर देने का पूरा अधिकार होगा, तथा मुझे विभाग की ओर से की गई इस प्रकार की किसी कार्रवाई पर कोई आपत्ति नहीं होगी।

मोहर के साथ फर्म का प्राधिकृत
व्यक्ति का नाम तथा हस्ताक्षर

<u>अनुबंध-II</u>

जन शक्ति के लिए उद्धृत मूल्य बोली के लिए प्रोफार्मा

1. फर्म का नामः

2. फर्म का पताः

3. मूल्य बोलीः

श्रेणी	किसी भी प्रभार को छोड़कर कर्मचारी प्रति दर।	सेवा शुल्क, सेवा कर, ईएसआई, पीएफ आदि अर्थात् सभी प्रभारों से समावेशी प्रति व्यक्ति एकमुश्त दर/कर।
कार्यालय सहायक		
पीए/स्टेनो		
डेटा एंट्री ऑपरेटर		
मल्टी टास्किंग स्टाफ		

घोषणाः

मैं आवास तथा शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली के एनबीओ के निविदा दस्तावेज सं. ------------ दिनांक ------- में उद्धृत नियमों तथा शर्तों के प्रति अपनी सहमति व्यक्त करता/करती हूं। उपर्युक्त किसी जानकारी के अपूर्ण होने के मामले में, विभाग को इसका पूर्ण अधिकार होगा कि वह मेरी निविदा खारिज कर दे और मुझे विभाग की इस कार्रवाई पर कोई आपत्ति नहीं होगी।

मोहर के साथ फर्म का प्राधिकृत
व्यक्ति का नाम तथा हस्ताक्षर